**Class -VIII**
**Mid Term Examination (2025-26)**
**Subject – Hindi**
**Set – C1**

**Time allowed – 2.5 hrs** **Max marks-60**

**निर्देश: 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 11 हैं|**
**2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें |**
**3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**1. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5**

- दिनचर्या में खेलों का योगदान
- कंप्यूटर : एक अनिवार्य आवश्यकता
- आत्मसम्मान
- मेरी सबसे पसंदीदा पुस्तक

**2. विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5**

**अथवा**

**आपके भाई ने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसकी सफलता पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।**

**3. <u>किन्हीं दो</u> की परिभाषा लिखिए -** वर्ण, संयुक्त व्यंजन, अनुस्वार, अनुनासिक **2**

**4. रेखांकित पदबंध का भेद बताइए। 3**
क) **<u>लंबी सफ़ेद दाढ़ी वाला</u>** व्यक्ति अचानक गायब हो गया |
ख) **<u>दुर्भाग्य का मारा मैं</u>** इधर-उधर भटकता रहा |
ग) **<u>दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ी</u>** मैदान में आ गए|

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x11 = 11**

क) **'नर्तक'** शब्द का स्त्रीलिंग होगा-
i) क्षत्रियाँ ii) नर्तकी
iii) तरुणी iv) क्षत्राणी

ख) **'वधू'** शब्द का बहुवचन होगा-
i) वैध ii) वधुएँ
iii) कविताएँ iv) पुस्तकें

ग) **'उत्कर्ष'** का विलोम शब्द है -
i) पुरातन ii) प्रकाश
iii) अंधकार iv) अपकर्ष

घ) **'पिता'** शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है-
i) पांडित्य ii) कवित्व
iii) वकालत iv) पितृत्व

ड़) **'जिस व्यक्ति पर आरोप लगा हो'** इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?
i) अभियुक्त ii) अन्योन्याश्रित
iii) अवैतनिक iv) अतींद्रिय

च) 'बच्चे **छत पर** खेल रहे हैं|' - इस वाक्य में किस कारक भेद के चिह्न का प्रयोग हुआ है?
i) करण कारक ii) संबंध कारक
iii) अधिकरण कारक iv) अपादान कारक

छ) **अनेकार्थी शब्द का सही अर्थ चुनिए - 'अपेक्षा'**
i) आशा, सीमा ii) आशा, तुलना
iii) चमक, तुलना iv) दान, शोभा

ज) **श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द के सही अर्थ चुनिए - अविलंब , अवलंब**
i) खान, आकृति ii) अभ्यस्त, आरम्भ
iii) तुरंत, सहारा iv) आरम्भ, लगातार

झ) **'परि' उपसर्ग से बनने वाला शब्द नहीं है -**
i) परिक्रमा ii) परिचय
iii) परिणाम iv) प्रतिनिधि

ञ) '**पढ़ाई' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन - सा है ?**
i) पढ़ ii) ई
iii) आई iv) इयल

ट) **'इच्छा'** शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं -
(i) कामना, आकांक्षा (ii) भूषण,अलंकार
(iii) मद, लालसा (iv) खज़ाना, विभूषण

**6. निर्देशानुसार कीजिए-** **(3x2=6)**

**क) मुहावरे का अर्थ लिखिए एवं वाक्य प्रयोग कीजिए (कोई एक) -** आग में घी डालना , आँखें चुराना

**ख) संधि-विच्छेद कीजिए (कोई दो)-** मतानुसार, कवींद्र, महर्षि, यथोचित

**ग) समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम बताइए (कोई एक)-** महाकाव्य, लोकप्रिय

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (3x3=9)**

क) लाख की चूड़ियाँ पाठ के आधार पर बताइए- 'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' – इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

ख) लेखक के घर में चिड़िया ने अपना घोंसला कहाँ बनाया? उसने घोंसला वहीं क्यों बनाया होगा?

ग) लेखक हरे-भरे पेड़ों को क्या समझ रहा था? लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई?

घ) क्या आपको लगता है कि पशु-पक्षी भी मनुष्यों के समान परिवार और घर का महत्व समझते हैं? अपने उत्तर के समर्थन में दो गौरैया कहानी से उदाहरण दीजिए।

**8. निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2+2=4)**

क) 'स्वदेश' कविता में देश-प्रेम के लिए बहुत-सी बातें आई हैं। आप 'देश-प्रेम' से क्या समझते हैं?

ख) 'तलवार का महत्त्व होता है, म्यान का नहीं' – उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

ग) "जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रस-धार नहीं।वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।।" पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए |

**9. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x5 =5)**

*जिसने कि खजाने खोले हैं,*
*नव रत्न दिये हैं लासानी।*
*जिस पर ज्ञानी भी मरते हैं,*
*जिस पर है दुनिया दीवानी।।*
*उस पर है नहीं पसीजा जो,*
*क्या है वह भू का भार नहीं।*
*निश्चित है निःसंशय निश्चित,*
*है जान एक दिन जाने को।*

**प्रश्न 1 'जिस पर है दुनिया दीवानी' — इस पंक्ति का क्या अर्थ है?**

(i) दुनिया भ्रमित है

(ii) सभी लोग उसकी आलोचना करते हैं

(iii) दुनिया उसे बहुत पसंद करती है

(iv) वह अकेला है

**प्रश्न 2:'नव रत्न दिये हैं लासानी' — इन पंक्तियों में 'लासानी' का अर्थ क्या है?**

(i) सरल

(ii) अनोखा और अद्वितीय

(iii) मूल्यहीन

(iv) भारी

**प्रश्न 3:कवि किस व्यक्ति को "भूमि का भार" कहता है?**

(i) जो स्वदेश पर न पसीजे

(ii) जो स्वदेश के लिए बलिदान दे

(iii) जो स्वदेश का सम्मान करे

(iv) जो स्वदेश की रक्षा करे

**प्रश्न 4: इन पंक्तियों के कवि का नाम है -**

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध

(ii) भीष्म साहनी

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

**प्रश्न 5: कविता का मुख्य भाव क्या है ?**

(i) प्रकृति का चित्रण

(ii) स्वदेश के प्रति प्रेम और कर्तव्य

(iii) वीरता का वर्णन

(iv) देशवासियों का सत्य

**10. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2+2+1=5)**

एक दिन अपना अंतरिक्ष-सूट पहनकर वह लड़की उड़ी और खेल के जोश में अपनी उड़ान की गति तेज़ करते-करते आकाश में ऐसी जगह पहुँच गई, जहाँ लाखों मील तक घना अंधकार छाया था। बस अँधेरा ही अँधेरा, घटाटोप अँधेरा! अंधेरे के कारण वह लड़की घबरा तो अवश्य गई पर उसने हिम्मत न हारी। अपने सूट में लगी नन्हीं शक्तिशाली मशीनों की सहायता से पूरी स्पीड में, यानी एक सेकेंड में पाँच हज़ार किलोमीटर की उड़ान भरते हुए दो घंटे में आखिरकार उसने वह अंधकार पार कर ही लिया। संयोग से वह हमारी पृथ्वी पर आ गई और कश्मीर में अमरनाथ के पास एक झील के किनारे उतरी। वह लड़की बेहद थक गई थी और नई दुनिया में आने के कारण कुछ घबराई हुई थी। फिर भी, आसपास के दृश्य देखकर वह बड़ी खुश हुई।

i) लड़की खेल के जोश में उड़ते हुए कहाँ पहुँच जाती है ?

ii)  वह लड़की कहाँ उतरती है और वहाँ का दृश्य देखकर कैसा महसूस करती है ?

iii) लड़की को कितने समय में अंधकार पार करने में सलफता मिलती है ?

**11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक सही विकल्प को चुनकर उत्तर दीजिए- 1x5 =5**

दीक्षा एक पहाड़ी गाँव में रहने वाली एक अत्यंत होनहार और महत्वाकांक्षी छात्रा थी। उसके गाँव में न तो अच्छे स्कूल थे, न ही पुस्तकालय या इंटरनेट जैसी सुविधाएँ। उच्च शिक्षा की सुविधा तो बहुत ही सीमित थी, लेकिन दीक्षा में सीखने की अदम्य इच्छा और आत्मविश्वास था। हर दिन उसे स्कूल जाने के लिए लगभग पाँच किलोमीटर लंबा, ऊबड़-खाबड़ और कभी-कभी खतरनाक पहाड़ी रास्ता पैदल तय करना पड़ता था। तेज़ बारिश, बर्फबारी या गर्मी की धूप—कोई भी मौसम उसे रोक नहीं पाया।उसके घर की आर्थिक स्थिति भी बहुत साधारण थी। उसकी माँ एक गृहिणी थीं जो दिनभर घर के कामकाज में लगी रहती थीं, और उसके पिता खेतों में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। फिर भी, उन्होंने कभी दीक्षा की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आने दी। वे खुद अनपढ़ थे लेकिन जानते थे कि शिक्षा ही उनकी बेटी का भविष्य बदल सकती है। जब गाँव में बिजली नहीं होती थी, तब दीक्षा दीये की रोशनी में रात-रात भर पढ़ाई करती थी।उसकी मेहनत रंग लाई और उसने राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। यह उसके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। उसे शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला। अब दीक्षा डॉक्टर बनने का सपना देख रही है, ताकि वह अपने गाँव के लोगों की सेवा कर सके, खासकर उन लड़कियों की, जिन्हें अब तक शिक्षा का अवसर नहीं मिला। वह न केवल अपने सपनों की ओर आगे बढ़ रही है, बल्कि गाँव की अन्य लड़कियों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित कर रही है।

**क) दीक्षा की शिक्षा में सबसे बड़ी बाधा क्या थी?**

(i) आर्थिक तंगी और विद्यालय की दूरी        (ii) माता-पिता का विरोध

(iii) पुस्तकालय की कमी        (iv) शिक्षकों की अनुपस्थिति

**ख) दीक्षा ने छात्रवृत्ति परीक्षा क्यों पास की?**

(i) उसे ट्यूशन मिलती थी        (ii) वह मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित थी

(iii) उसके गाँव में अच्छे शिक्षक थे        (iv) उसके माता-पिता पढ़े-लिखे थे

**ग) दीक्षा की सफलता का गाँव पर क्या प्रभाव पड़ा?**

(i) गाँव की लड़कियाँ स्कूल छोड़ने लगीं        (ii) सभी लोग शहर चले गए

(iii) दीक्षा गाँव की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा बनी        (iv) गाँव में एक विद्यालय खुल गया

**घ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A): दीक्षा ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी शिक्षा जारी रखी।**

**कारण (R): वह पढ़ाई के प्रति गंभीर और निष्ठावान थी।**

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**ड़) दीक्षा ने किस उद्देश्य से डॉक्टर बनने का सपना देखा?**

(i) विदेश में नौकरी करने के लिए

(ii) अपने माता-पिता को गौरव दिलाने के लिए

(iii) गाँव के लोगों की सेवा करने और लड़कियों को प्रेरित करने के लिए

(iv) शहर में बसने के लिए